**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 756**
**दिनांक 07** फरवरी**, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**आंध्र प्रदेश में स्वास्थ्य अवसंरचना परियोजनाएं**

**756. डॉ. बायरेड्डी शबरी:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि आन्ध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के अंतर्गत अनुमोदित 24 क्रिटिकल केयर ब्लॉकों में से किसी भी ब्लॉक का निर्माण पूरा नहीं हुआ है और न ही वे कार्य कर रहे हैं और यदि हां, तो उनके कार्यान्वयन में विलंब के क्या कारण हैं;
(ख) आन्ध्र प्रदेश में जिलावार कितने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) को स्वीकृति प्रदान की गई है और उनके पूरा होने की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उनके कार्यान्वयन में विलंब के क्या कारण हैं; और
(ग) क्या सरकार को जानकारी है कि आन्ध्र प्रदेश में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत अनुमोदित 100 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी) में से अब तक केवल एक का ही कार्य पूरा हुआ है और यदि हां, तो शेष प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण पूरा होने में विलंब के क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (ग) प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) कुछ केंद्रीय क्षेत्र घटकों (सीएस) के साथ एक केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) है, जिसका योजना अवधि (2021-22 से 2025-26) के लिए परिव्यय 64,180 करोड़ रुपये है।

इस योजना में स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी और सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्रवाई को एकीकृत और मजबूत करने के लिए सुधारों की एक नई पीढ़ी की परिकल्पना की गई है। इस योजना के तहत उपायों का उद्देश्य स्वास्थ्य प्रणालियों और संस्थानों को मजबूत करना है ताकि सभी स्तरों, अर्थात् प्राथमिक, मध्यम और विशिष्ट, पर देखभाल की निरंतरता प्रदान की जा सके, साथ ही वर्तमान और भविष्य की महामारियों और आपदाओं का प्रभावी ढंग से जवाब देने के लिए स्वास्थ्य प्रणालियों को तैयार किया जा सके।

योजना के सी.एस.एस. घटकों के अंतर्गत, निम्नलिखित पाँच कार्यकलाप हैं जिनके लिए योजना अवधि (2021-2026) के दौरान राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता प्रदान की जाती है:

- आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों, जिन्हें अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) के रूप में जाना जाता है, के रूप में 17,788 भवन रहित उप-केंद्रों का निर्माण,
- शहरी क्षेत्रों में 11,024 स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों, जिन्हें अब एएएम कहा जाएगा, की स्थापना, जिसमें झुग्गी-झोपड़ी और झुग्गी-झोपड़ी जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।
- ब्लॉक स्तर पर 3382 ब्लॉक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों (बीपीएचयू) की स्थापना।
- देश में 730 जिला एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं की स्थापना, जिसमें प्रत्येक जिले में एक ऐसी प्रयोगशाला होगी।
- 5 लाख से अधिक आबादी वाले सभी जिलों में 602 क्रिटिकल केयर अस्पताल ब्लॉक स्थापित करना।

इस योजना के अंतर्गत, 616 शहरी स्थानीय निकायों (एचडब्ल्यूसी), 13 आईपीएचएल और 13 सीसीबी की स्थापना और सुदृढ़ीकरण के लिए योजना अवधि के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य के लिए 1271.24 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है।

राज्य के प्रस्ताव के अनुसार, आंध्र प्रदेश राज्य को पांच वर्षों (अर्थात वित्त वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24, 2024-25 और 2025-26) के लिए 1271.80 करोड़ रुपये की राशि के लिए प्रशासनिक मंजूरी दी गई है, जिसमें 1786 भवन रहित एएएम (उप-केंद्र - स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र), 45 यू-एएएम (एचडब्ल्यूसी), 26 आईपीएचएल और 24 सीसीबी के निर्माण/सुदृढ़ीकरण के लिए प्रावधान है।

पीएम ए.बी.एच.आई.एम. के अंतर्गत सी.सी.बी. की वर्तमान वास्तविक प्रगति निम्नानुसार है::

| **वास्तविक प्रगति (वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2024-25)** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| घटक | लक्ष्य (वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2025-26) | स्वीकृत कुल इकाइयाँ (वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2025-26 तक) | जारी की गई निविदा | कार्य शुरु किया गया |
| क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीबी) | 13 | 24** | 14 | 14 |

***आंध्र प्रदेश में जिलों के पुनर्गठन के कारण राज्य द्वारा प्रस्तावित अतिरिक्त सीसीबी को 8 अगस्त 2024 के पत्र के तहत मंजूरी दी गई।*

- वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 में पीएम ए.बी.एच.आई.एम. के तहत प्रावधान के अनुसार 14 सी.सी.बी. (50 बिस्तरों वाली और 100 बिस्तरों वाली) स्वीकृत की गई थीं, इन इकाइयों के

लिए सिविल कार्य प्रगति पर है। 50 बिस्तरों वाली सी.सी.बी. के लिए निर्माण क्षेत्र 4250 वर्ग मीटर और 100 बिस्तरों वाली सी.सी.बी. के लिए 8500 वर्ग मीटर है। साइट की पहचान के मुद्दे के कारण इन परियोजनाओं में देरी हुई और निर्माण के लिए अनुमानित अवधि लगभग 2 वर्ष है।

- हाल ही में 8 अगस्त 2024 को पत्र संख्या पी-11020/13/2024-एनएचएम-IV के माध्यम से आंध्र प्रदेश में जिलों के पुनर्गठन के कारण 10 सीसीबी स्वीकृत किए गए थे।

  ➢ हेल्थ डायनेमिक्स ऑफ इंडिया रिपोर्ट 2022-23 के अनुसार, 31.03.2023 तक आंध्र प्रदेश में 175 सीएचसी कार्यरत हैं, जिनमें से 138 ग्रामीण क्षेत्रों में और 37 शहरी क्षेत्रों में हैं। जिलेवार ब्यौरा अनुलग्नक में है। पंद्रहवां वित्त आयोग स्वास्थ्य अनुदान के तहत वित्त वर्ष 2023-24 में 5.75 करोड़ रुपये की इकाई लागत पर नौ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) आंध्र प्रदेश राज्य को स्वीकृत किए गए हैं, जिनकी कुल राशि 51.75 करोड़ रुपये है। एक सीएचसी का स्थान चिन्हित कर लिया गया है और शेष 8 सीएचसी के लिए स्थल चिन्हांकन की प्रक्रिया चल रही है।

➢ पंद्रहवां वित्त आयोग स्वास्थ्य अनुदान के तहत, कार्यक्रम स्थानीय निकायों के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की सिफारिशों के आधार पर, व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार राज्यों को पंद्रहवां वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित स्वास्थ्य अनुदान जारी करती है।

15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 100 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवनों का निर्माण कार्य चल रहा है, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है:

| कार्य का चरण | पीएचसी की संख्या |
|---|---|
| कार्य पूरा हो चुका है | 1 |
| कार्य समाप्त होने का चरण | 1 |
| सिविल कार्य प्रगति पर है | 20 |
| समझौता संपन्न हुआ | 9 |
| स्वीकृति पत्र जारी किया गया | 9 |
| निविदा चरण | 47 |
| अनुमान चरण | 6 |
| साइटों को अंतिम रूप दिया गया | 7 |
| **योग** | **100** |

अनुलग्नक

**आंध्र प्रदेश में स्वास्थ्य अवसंरचना परियोजनाओं के संबंध में डा. बायरेड्डी शबरी, माननीय संसद सदस्य द्वारा पूछा गया 7..2.2025 को उत्तर के लिए अतारांकित प्रश्न संख्या 756 के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

| **क्र. सं.** | **जिले का नाम** | **सीएचसी की सं.** | |
|---|---|---|---|
| | | **ग्रामीण** | **शहरी** |
| 1 | अल्लूरी सीताराम राजू | 5 | 0 |
| 2 | अनकापल्ली | 5 | 1 |
| 3 | अनंतपुर | 5 | 2 |
| 4 | अन्नमय्या | 7 | 0 |
| 5 | बापतला | 6 | 2 |
| 6 | चित्तौड़ | 6 | 1 |
| 7 | पूर्वी गोदावरी | 3 | 2 |
| 8 | एलुरु | 5 | 0 |
| 9 | गुंटूर | 2 | 1 |
| 10 | काकीनाडा | 5 | 4 |
| 11 | कोनासीमा | 7 | 2 |
| 12 | कृष्ण | 6 | 0 |
| 13 | कुरनूल | 5 | 0 |
| 14 | नांदयाल | 8 | 3 |
| 15 | एनटीआर | 3 | 3 |
| 16 | पालनाडु | 4 | 3 |
| 17 | पार्वतीपुरम मान्यम | 3 | 0 |
| 18 | प्रकाशम | 5 | 3 |
| 19 | एसपीएसआर नेल्लोर | 10 | 0 |
| 20 | श्री सत्य साई | 6 | 1 |
| 21 | श्रीकाकुलम | 10 | 3 |
| 22 | तिरुपति | 10 | 0 |
| 23 | विशाखापत्तनम | 0 | 3 |
| 24 | विजयनगरम | 3 | 2 |
| 25 | पश्चिम गोदावरी | 3 | 0 |
| 26 | वाई एस आर कडपा | 6 | 1 |
| | **कुल - (26 जिलों में)** | **138** | **37** |

*******